



सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान


www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 118 | इंदौर, बुधवार 12 नवंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



# आतंकवाद दुनिया में बहुत बड़ा असुर है जो रावण के सिर की तरह अपना रूप बदलता जा रहा है...!

## व्यक्ति से लेकर समाज, राज्य और राष्ट्र सबको सतर्क रहने की जरुरत है..!!



**हम सबको मिलकर रामकार्य करना चाहिए ताकि हराम का निर्वाण हो और राम का निर्माण हो**

**– पू.मोरारी बापू**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। पू.मोरारी बापू अपने निज प्रवास के अंतर्गत मंगलवार इंदौर पहुंचे। इंदौर में रुपेश व्यास के निवास पर माताजी के निधन पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात मीडिया से चर्चा में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इंदौर अपने आप में एक तीर्थ भूमि है यहां महाकाल ओंकारेश्वर और मां अहिल्याबाई का पावन संगम है। दिल्ली ब्लास्ट पर पीड़ा व्यक्त करते हुए इसको अमानवीय घटना बताते हुए कहा कि आतंकवाद रावण के सिर की तरह खतरनाक रुप लेता जा रहा है सभी को सतर्क रहना चाहिए। सरकार और एजेंसियां सख्त कार्रवाई करेगी। युवा और समाज जागृत हो रहे हैं और यह जागृति ऐसी घटनाओं के विरोध में बहुत जरूरी है ।



# मप्र को चार बिजनेस रिफॉर्म क्षेत्रों "टॉप एचीवर्स स्टेट" का सम्मान मिला, उद्योग विकास में बना अग्रणी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश उद्योगों को प्रोत्साहित करने और निवेश-अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए लगातार काम कर रहा है। केंद्र सरकार ने औद्योगिक विकास को नई दिशा दी है और सभी राज्यों को नए उद्योगों की स्थापना के लिए प्रेरित किया है। मुख्यमंत्री मंगलवार को नई दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन में आयोजित 'उद्योग समागम' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश को बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान (BRAP) 2024 के अंतर्गत चार प्रमुख बिजनेस रिफॉर्म क्षेत्रों Business Entry, Labour Regulation Enablers, Land Administration और Services



Sector में 'टॉप एचीवर्स स्टेट' का सम्मान मिला। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह पुरस्कार केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश ने 'Ease of Doing Business' को केवल नीतियों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे Speed, Scale और Skill of Doing में बदल दिया है। प्रदेश की औद्योगिक वृद्धि दर उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से स्थानीय उद्यमिता को बल मिला है। उन्होंने बताया कि राजधानी भोपाल में पहली बार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (GIS) का सफल आयोजन किया गया, जिससे मध्यप्रदेश की औद्योगिक पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत हुई है।

# वीडियो कोच बस में यात्रियों की जगह भरा था साढ़े पांच लाख का खोपरा

## कार्रवाई में 6 बसें जब्त- 9 बसों पर लगाया गया एक लाख का जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में नियम विरूद्ध चल रही बसों के खिलाफ कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर परिवहन विभाग, प्रशासन और यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जाँच के दौरान एक वीडियो कोच बस को पकड़ा गया, जिसमें बड़ी मात्रा में खोपरा भरा हुआ पाया गया। इसे उत्तर प्रदेश भेजा जाना था। अधिकारियों ने तत्काल खाद्य एवं औषधी प्रशासन के अधिकारियों को बुलाया। खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा खोपारा के सेंपल लिए गये। बस को खोपरा बूरा के साथ जब्त किया गया। इस दौरान टीम ने कुल 6 बसों को जब्त किया है। जबकि 9 बसों से करीब 95 हजार रूपये का जुर्माना शुल्क वसूल किया गया है।**




आरटीओ प्रदीप शर्मा ने बताया कि बीते दिनों कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों के पालन में संयुक्त जांच दल ने मंगलवार को वर्ल्ड कप चौराहा और तीन इमली बस स्टैंड क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाते हुए यात्री सुरक्षा और ट्रैफिक सुधार की दिशा में बड़ी कार्रवाई की। जांच के दौरान परमिट, फिटनेस, इमरजेंसी गेट, फायर सेफ्टी सिस्टम, फर्स्ट एड बॉक्स, एचएसआरपी, रिफ्लेक्टर सहित अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 6 बसों को जप्त किया गया, 9 बसों से 95 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया। 2 बसों से 1.64 लाख रूपये टैक्स की वसूली की गई और 1 बस की फिटनेस रद्द की गई। इस दौरान टीम को एक पब्लिक वीडियो फुटेज भी प्राप्त हुआ, जिसमें एक प्राइवेट पासिंग मैजिक वाहन पालदा रोड पर बड़ी संख्या में बच्चों को स्कूल ले जाते हुए दिखाई दी। वाहन की पहचान कर उसके विरुद्ध भी कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में आरटीओ प्रदीप शर्मा, एसडीएम ओम नारायण बड़कुल, ट्रैफिक एसीपी मनोज खत्री, सहित जांच टीम शामिल रही। अधिकारियों ने बताया कि यह संयुक्त अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## राज्यपाल मंगूभाई पटेल का भ्रमण कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल आज 12 नवम्बर को इंदौर आकर भोपाल जाएंगे। राज्यपाल श्री पटेल इस दिन सुबह 10:20 बजे देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट इंदौर आएंगे। इसके पश्चात वे एयरपोर्ट इंदौर से सुबह 11:50 बजे भोपाल के लिए रवाना होंगे।

## डूबने से हुई मृत्यु पर परिजनों को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

इंदौर। इंदौर जिले के ग्राम फरकोदा निवासी सुनील पिता बाबुलाल की पानी में डूबने से हुई मृत्यु पर उनके परिजन श्रीमती नादान बाई पति बाबुलाल को मध्य प्रदेश राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के अंतर्गत चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। यह सहायता राशि एसडीएम देपालपुर श्री आर.एम. त्रिपाठी ने स्वीकृत की है।

## हाईकोर्ट वकील की दिल का दौरा पड़ने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मंगलवार दोपहर हाई कोर्ट एडवोकेट विकास यादव की तबीयत अचानक बिगड़ी। उस वक्त वे एक प्रकरण में पैरवी कर कोर्ट कक्ष से बाहर निकले थे। उन्हें तत्काल पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां लिफ्ट में ही उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उनका निधन हो गया। 50 वर्षीय एडवोकेट यादव रोजाना की तरह मंगलवार सुबह हाई कोर्ट पहुंचे थे। दोपहर तक वे नियमित प्रकरणों की सुनवाई में व्यस्त रहे। इस बीच एक प्रकरण में पैरवी के लिए वे हाई कोर्ट के कक्ष नंबर 13 में पहुंचे। यहां पैरवी के बाद बाहर निकलकर वे साथी वकीलों से चर्चा कर रहे थे कि अचानक उन्हें बेचैनी होने लगी। वे तुरंत हाई कोर्ट परिसर में बनी डिस्पेंसरी में पहुंचे। यहां डाक्टरों ने उन्हें कुछ गोलियां दीं। इसके बाद वे साथी वकील के साथ दोपहिया वाहन से पास के अस्पताल गए। वहां लिफ्ट से उपर जाते समय उन्हें दिल का दौरा पड़ गया। डाक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। एडवोकेट यादव खातेगांव के मूल निवासी थे।

## जन सुनवाई में आए 250 से अधिक आवेदन

# अधिकांश आवेदनों का त्वरित निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर कार्यालय इंदौर में प्रत्येक मंगलवार की तरह आज भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर शिवम वर्मा की मौजूदगी में आयोजित इस जनसुनवाई में ढाई सौ से अधिक नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं और अधिकांश आवेदनों का स्थल पर ही त्वरित निराकरण किया गया। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं हो सका, उनके लिए स्पष्ट समय सीमा निर्धारित की गई।**



जनसुनवाई लगातार जन आकांक्षाओं पर खरी उतरती दिखाई दे रही है। इसका एक महत्त्वपूर्ण उदाहरण आज तब सामने आया जब नेहरू नगर क्षेत्र में रहने वाली श्रीमती रीना भूरिया अपने लंबे समय से बंद पड़े राशन कार्ड के संबंध में कलेक्टर से मिली। श्रीमती भूरिया ने अपनी समस्या बताई कलेक्टर ने गंभीरता से सुना। उन्होंने तत्काल खाद्य विभाग के अधिकारियों को बुलाया और मौके पर ही सभी औपचारिकताएं पूरी कराते हुए समस्या का समाधान कराया। अब परिवार को नियमित रूप से राशन उपलब्ध होने लगेगा। अपनी समस्या हाथो-हाथ निराकृत होने से खुश दिखाई दी और उसने कलेक्टर श्री वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार एक बुजुर्ग दंपत्ति ने अपने पुत्र और परिजन द्वारा परेशान किए जाने और घर में न रखने की समस्या रखी। कलेक्टर श्री वर्मा ने यह मामला मध्यस्थता केंद्र को सौंपते हुए शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में संपत्ति विवाद, पारिवारिक विवाद, मार्ग विवाद और अन्य नागरिक मुद्दों से संबंधित आवेदन भी बड़ी संख्या में प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के साथ कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जन समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के कारण जनसुनवाई इंदौर जिले में जनविश्वास को निरंतर सुदृढ़ कर रही है। कलेक्टर कार्यालय में आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य सहित अन्य अधिकारियों ने भी आमजन की समस्या सुनी और उनका निराकरण किया।

## सड़क की बदहाल स्थिति पर महापौर-विधायक ने अधिकारियों पर जताई नाराजगी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर की सर्विस रोडों की दुर्दशा पर महापौर और विधायक ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को तुरंत सुधार करने के लिए कहा है। दरअसल, आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक रमेश मेंदोला लवकुश चौराहे से बापट चौराहे तक सड़क की बदहाल स्थिति देखने पहुंचे।**

इस दौरान महापौर ने कहा कि ब्रिज बन गए पर सर्विस रोड अब तक क्यों नहीं बनी। मेट्रो अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि आप यहां 5 मिनट खड़े रहकर देखिए लोग कितने कष्ट से अरविंदो अस्पताल पहुंच रहे हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा पहले सर्विस रोड ठीक करनी चाहिए थी, लोग कैसे आएंगे-जाएंगे? जब ब्रिज बन गए तब सर्विस रोड क्यों नहीं बनी? बारिश को रुके 20 दिन हो गए, कम से कम एक किलोमीटर सड़क तो बन जानी चाहिए थी। महापौर ने सवाल उठाया कि आपके रहते यह स्थिति कैसे बनी? कौन-सी कंसल्टेंसी है जो सड़क की योजना तक नहीं बना सकी? उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अब देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जल्द सर्विस रोड ठीक की जाए। विधायक रमेश मेंदोला ने भी कहा कि जनता की परेशानी अब और नहीं बढ़नी चाहिए, तुरंत सुधार कार्य शुरू करें। गौरतलब है कि शहर के अधिकांश हिस्सों में पेंचवर्क का कार्य पूरा हो चुका है और बाकी स्थानों पर कार्य तेजी से जारी है। महापौर द्वारा लगातार रात में निरीक्षण किए जा रहे हैं ताकि गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। पहले की नाराजगी के बाद एमपीआरडीसी ने अपनी सर्विस रोड तैयार कर दी है, जबकि पीडब्ल्यूडी ने रेती मंडी ब्रिज पर मरम्मत कार्य शुरू किया है।

## इंदौर में नि:शुल्क मोबाइल रिपेयरिंग एवं सर्विस प्रशिक्षण 14 नवम्बर से होगा प्रारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत संचालित आरसेटी (RSETI) इंदौर में 30 दिवसीय मोबाइल रिपेयरिंग एवं सर्विस प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 नवम्बर 2025 से आरंभ होने जा रहा है। यह प्रशिक्षण ग्रामीण युवाओं को तकनीकी दक्षता प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। आरसेटी (RSETI) के निदेशक श्री राजेश्वर सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान आवास, भोजन एवं प्रशिक्षण सामग्री सहित संपूर्ण सुविधाएँ पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम पूर्ण करने पर प्रतिभागियों को भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कौशल विकास प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, जो उन्हें रोजगार एवं स्व-रोजगार के अवसरों में सहायक होगा। अधिक जानकारी एवं पंजीयन हेतु मोबाइल नंबर 7024123034, 9907718421, 9748566975 तथा 7869843137 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर से 23 युवाओं का राज्य प्रशासनिक सेवा में हुआ चयन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 2023 के इंटरव्यू का परीक्षा परिणाम गत 8 नवम्बर 2025 को घोषित किया है। इस परीक्षा में शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर से 23 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न अधिकारी पदों पर हुआ है। इनमें से 08 पूर्व अभ्यर्थी हैं। इन 23 पदों में 02 अभ्यर्थी उप जिलाध्यक्ष एवं 02 अभ्यर्थी उप पुलिस अधीक्षक के पद पर चयनित हुये हैं। इस संस्था से 23 अभ्यर्थियों के चयन पर सभी को शुभकामना एवं बधाई दी गई।

# मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ इंदौर जिला इकाई ने अपनी मांग पूर्ति हेतु अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन स्मरण पत्र सौंपा







@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदोरिया के दिशा निर्देश पर इंदौर संभाग के अध्यक्ष आलोक अकेला के मार्गदर्शन एवं इंदौर जिला अध्यक्ष बृजेश जोशी के नेतृत्व में संघ के जिला पदाधिकारियों एवं सदस्यों को साथ पैदल मार्च निकालकर इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा की अनुपस्थिति में अपर कलेक्टर रोशन राय को यह छह सुत्रीय मांगों का स्मरण पत्र जिला अध्यक्ष जोशी ने वाचन कर सौंपा ,जिसमें पत्रकारों की विभिन्न मांगों के समाधान की अपील की गई।**



इस अवसर पर अनेक पत्रकार उपस्थित रहे जिन्होंने पत्रकारों की कार्य परिस्थितियों में सुधार एवं सुविधाओं की मांग रखी,मांगो में मुख्य मांग है इस प्रकार हैं। 1) पत्रकार सुरक्षा कानून तत्काल लागू की जाय। 2) भोपाल के मालवीय नगर स्थित हमारे पत्रकार भवन की भूमि जिसे कमल नाथ की कांग्रेस सरकार ने हमसे छीन लिया था हमें वापस की जाय। 3) पत्रकार पेंशन योजना श्रद्धा निधि योजना में अधिमान्यता होने की शर्त हटाई जाएं और उसे आजीवन देने का नियम बनाया जाय। 4) मध्यप्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में पत्रकार भवन के लिए निशुल्क भूमि उपलब्ध कराई जाय 5) राज्य के पत्रकारों को टोल टेक्स से मुक्त करने की नियत से हमारे संगठन मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रका संघ के सदस्यता कार्ड को मान्यता प्रदान की जाय।साथ ही प्रदेश से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गो क टोलनाकों पर अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों को टोल फी सुविधा प्रदान की जाय। 6) पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना को निःशुल्क करके सभी पत्रकारों को इसका लाभ पहुँचाने की योजना घोषित की जाए । मुख्यमंत्री के नाम दिए गए स्मरण पत्र को लेने के बाद अपर कलेक्टर रोशन राय ने मांगों के समाधान के लिए आश्वस्तता प्रदान की। पत्रकारों के हितों की मांगों से जुड़े इस प्रतिनिधिमंडल में जिले के वरिष्ठ सदस्य नवनीत शुक्ला, महासचिव जिला इकाई कमलेश्वर, सिंह सिसोदिया, उपाध्यक्ष सत्येन्द्र वर्मा, सचिव राजेंद्र गुप्ता, संयुक्त सचिव विनोद शर्मा, कार्यकारणी सदस्य संजय श्रीमाल, पत्रकार साथी विद्युत प्रकाश पाठक, मंगल सिंह राजपूत, हितेश परिहार, खन्नू विश्मकर्मा, निलेश तिवारी, श्री रामकर्मा, बी.के.उपाध्याय, रितेशअग्रवाल, अनिल कौशल, वीरेंद्र चन्देवा, सार्थक शर्मा, गोपाल जोशी अशोक चौहान नीलेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# स्कूल-अस्पताल में दिखे आवारा श्वान तो नपेंगे अधिकारी, कई क्षेत्रों से श्वान पकड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में आवारा श्वानों (स्ट्रीट डॉग्स) को पकड़ने का अभियान शुरू हो गया है। आज कई क्षेत्रों से श्वान पकड़े गए। हाल ही में हुई कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा ली गई बैठक में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी दिशा-निर्देशों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि दिशा-निर्देश प्राप्त हो गए हैं और उनके अनुसार समयबद्ध कार्रवाई की जाएगी।**



कलेक्टर वर्मा ने निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, खेल परिसर, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं मुख्य मार्गों पर आवारा श्वान दिखाई न दें, इसकी प्रभावी व्यवस्था की जाए। स्कूल प्रबंधन यह सुनिश्चित करें कि श्वान परिसर में प्रवेश न करें तथा सुरक्षा-व्यवस्थाएं मजबूत रखें। यदि किसी संस्था परिसर में श्वान के द्वारा काटने की घटना होती है, तो संबंधित संस्था प्रमुख उत्तरदायी होंगे। सभी कार्यालय प्रमुख अपने कार्यालय प्रांगण में श्वान प्रवेश रोकने के उपाय सुनिश्चित करें। आवारा पशुओं के विचरण पर भी सख्त नियंत्रण रखा जाए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखने को कहा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, अपर आयुक्त नगर निगम रोहित सिसोनिया, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य, निशा डामोर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर वर्मा ने जिले में चल रहे सड़क मरम्मत कार्यों की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि सभी मरम्मत कार्य एक सप्ताह में हर स्थिति में पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि इंदौर की साफ-सफाई एवं सुगम यातायात व्यवस्था को बनाए रखना प्रत्येक विभाग का दायित्व है। उन्होंने कहा कि इंदौर नंबर वन है और नंबर वन ही रहना चाहिए।

कलेक्टर वर्मा ने यातायात व्यवस्था में सुधार और यात्रियों की सुरक्षा हेतु तत्काल विशेष जांच अभियान शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच दल शीघ्र गठित कर अभियान प्रारंभ किया जाए तथा वाहनों की फिटनेस नहीं मिलने और अन्य अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाए।

कलेक्टर वर्मा ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से स्वदेशी उत्पादों एवं प्राकृतिक कृषि आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण हाट बाजार में स्थापित साप्ताहिक प्राकृतिक उत्पाद विक्रय केंद्रों का अधिकारीगण स्वयं अवलोकन करें और आवश्यकतानुसार सामग्री क्रय कर उत्पादकों को बढ़ावा दें।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी बूथ लेवल अधिकारी (BLO) के रूप में नियुक्त हैं, उन्हें तत्काल रिलीव किया जाए, ताकि निर्वाचन कार्य प्रभावी ढंग से संपादित हो सके।

## युवती की आत्महत्या का मामले में प्रेमी पर उकसाने-दुष्कर्म का केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खजराना थाना क्षेत्र स्थित हेलो वर्ल्ड किवी बिल्डिंग में रहने वाली 26 वर्षीय युवती की आत्महत्या मामले में पुलिस ने उसके प्रेमी युवराज उर्फ युवी को आरोपी बनाया है। प्रारंभिक जांच के बाद युवती के भाई ऋषभ शिवहरे की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और रेप का प्रकरण सोमवार रात दर्ज किया है।**

मुस्कान ने 31 अक्टूबर की रात फ्लैट नंबर 102 में फांसी लगाकर जान दे दी थी। पुलिस को मौके से अंग्रेजी में लिखा एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें शादी का झांसा देकर धोखा देने की बात लिखी थी। साथ ही युवराज के लिए लिखा था कि वह अब किसी और की जिंदगी बर्बाद ना करें। पुलिस का मानना है कि युवती ने डिप्रेशन में यह कदम उठाया है। पुलिस के मुताबिक युवती छतरपुर की रहने वाली थी और एमबीए की पढ़ाई करने के बाद इंदौर में जॉब तलाश रही थी। वह कॉलेज के मित्र युवराज के संपर्क में एक साल पहले ही आई थी और युवराज ने शादी का झांसा देकर युवती से कई बार संबंध बनाए और बाद में शादी करने से बदल गया। इस कारण युवती डिप्रेशन में थी। बयान में ऋषभ ने बताया कि बहन उससे अलग किराए के फ्लैट में रह रही थी। 20-25 दिन पहले बहन से जब वह रूम पर जाकर मिला तब उसने कहा था कि वह काफी परेशान है। उसके हावभाव ठीक नहीं थे। इसके बाद चिंता का कारण पूछा तो उसने बताया कि युवराज एक साल से संपर्क में है। उसने शादी के नाम पर गलत किया। ऋषभ ने बताया कि में पूरी बात सुनने के बाद मैंने बहन को समझाया था। इसके बाद उससे लगातार मोबाइल पर बात करते रहा पर घटना वाले दिन बहन ने मोबाइल नहीं उठाया। बहन की मौत के बाद मां से मेरी बात हुई। उन्हें युवराज के मामले की जानकारी थी। मां का कहना था कि युवराज ने बेटी का जीवन बर्बाद कर दिया। उसकी मौत का जिम्मेदार वही है। पुलिस ने युवती का मोबाइल भी जब्त किया था। जिसमें युवराज के कॉल और मैसेज थे। जिनके आधार पर पूरे मामले की जांच की गई और

# लव-जिहाद के शक में जिम ट्रेनर को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने लव जिहाद के शक में एक जिम ट्रेनर को पहले सरेराह पीटा। फिर उसे पीटते हुए थाने ले गए। घटना सोमवार रात भंवरकुआं इलाके की है। पुलिस ने मंगलवार को उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। बजरंग दल के जिला संयोजक विजय कलखोर ने बताया कि शादाब मंसूरी पेशे से जिम ट्रेनर है। उसने एक युवती से वहां आने-जाने के दौरान पहचान बढ़ा ली थी। रात में वह युवती को कार में लेकर घूम रहा था। पलसीकर चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने उसे पकड़ लिया। यहां उसकी जमकर पिटाई कर दी। उसके साथ घूम रही युवती ने शादाब को बचाने की कोशिश की, लेकिन बजरंगी उसकी पिटाई करते रहे। पिटाई के दौरान मौके पर पुलिस के जवान पहुंचे। उन्होंने थाने जाने की बात कही। पहले शादाब को भंवरकुआं थाने ले जाया गया। यहां से घटनास्थल जूनी इंदौर में होने की बात पर जूनी इंदौर थाने भेजा गया। यहां युवती ने एफआईआर से इनकार कर दिया। मंगलवार को शादाब मंसूरी पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की गई।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जंबूरी मैदान में सरपंच संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को किया संबोधित

# सरपंचों को हैं 25 लाख रूपए तक के कार्य कराने के अधिकार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### पंचायत प्रतिनिधियों को विकास कार्यों के लिए मिलेंगे 50-50 हजार रूपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायतराज व्यवस्था में सरपंच के पास पर्याप्त शक्तियां हैं। सरपंच अपनी पंचायत को नई ऊंचाइयों पर लेकर जा सकते हैं। सरपंचों के माध्यम से ही प्रदेश में ग्राम विकास का कारवां चल रहा है। ग्राम स्तर पर सभी कल्याणकारी योजनाओं और विकास गतिविधियों का क्रियान्वयन पंचायतों के माध्यम से ही हो रहा है। पंचायत व्यवस्था को सशक्त करने के उद्देश्य से पंचायतों को 25 लाख रूपए तक के कार्य करने का अधिकार दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पंचायत प्रतिनिधियों को विकास कार्यों के लिए 50-50 हजार रुपए की राशि अंतरित किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नगरीयनिकायों के समान पंचायतों में भी विकास योजनाएं बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। पंचायतों को गांव के विकास की योजना बनाने के लिये सक्षम बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि भोपाल में पंचायत प्रतिनिधियों की कॉन्फ्रेंस आगामी 24 से 26 नंवबर को होने वाली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को जंबूरी मैदान पर आयोजित सरपंच संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कार्यक्रम स्थल पर भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सरपंच संघों के प्रतिनिधियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।



#### देश को प्रधानमंत्री श्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह की क्षमता पर है भरोसा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिल्ली में हुए कार विस्फोट को अत्यंत दु:खद बताया। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की क्षमता पर भरोसा है। भारत सरकार ने आतंकवाद और नक्सलवाद को समूल नष्ट करने के लिए अभियान छेड़ रखा है।

#### पंचायतों को मिलेंगे कार्यालय और सामुदायिक भवन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने तीनों स्तर के पंचायत संस्थान के लिए कार्यालय और गांवों के लिए सामुदायिक भवन की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया है। इस अनुक्रम में प्रदेश की पंचायतों के लिए 2472 अटल पंचायत भवन, 1037 सामुदायिक भवन, 106 जनपद पंचायत भवन तथा 5 जिला पंचायत भवन स्वीकृत किए हैं। गांव के शांति धाम भी व्यवस्थित रूप से विकसित हों, इस उद्देश्य से दिसम्बर 2026 तक सभी शांति धाम अतिक्रमण से मुक्त कर उनके पहुंच मार्ग बनाने और आवश्यक फेंसिंग और पौधरोपण कार्य के निर्देश दिए गए हैं। सुदृढ़ पंचायत राजव्यवस्था के माध्यम से आत्मनिर्भर पंचायत व समृद्ध मध्यप्रदेश के पथ पर राज्य सरकार पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से अग्रसर है।

#### युवाओं को उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में रोजगार आधारित उद्योग स्थापित किए जा रहे हैं। वर्ष-2026 को कृषि आधारित उद्योग वर्ष के रूप में घोषित किया जाएगा।कृषि उत्पादों के निर्माण के लिए कृषि और खाद्यान्न आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। पंचायतों के माध्यम से लघु उद्योग, कुटीर उद्योग और रोजगार उद्योग स्थापित करने के लिए भी गतिविधियां जारी हैं। किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से सब्जी और अन्य फसलों के लिए खाद्य प्रसंस्करण इकाईयां खोली जा रही हैं। युवाओं को उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। हमारी कोशिश है कि किसानों को हर फसल का उचित दाम मिले।

#### श्रीराम वन गमन पथ विकसित करने की प्रक्रिया में पंचायत प्रतिनिधियों को जोड़ा जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे पंचायत प्रतिनिधि भगवान श्रीराम से संबंधित प्रत्येक स्थान की जानकारी उपलब्ध कराएं। इन्हें श्रीराम वन गमन पथ विकसित करने की प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े सभी स्थानों को भी राज्य सरकार तीर्थ के रूप में विकसित करेगी। पंचायतें अपने पारंपरिक कार्य करते हुए शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और उद्योग के कार्यों को भी प्रमुखता से करें। गांवों में किसानों को गोपालन और पशुपालन के लिए प्रेरित करें, जिससे मध्यप्रदेश को दूध उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य बनाया जा सके।

#### नदियों के उद्गम स्थलों का बेहतर रखरखाव करें पंचायत प्रतिनिधि - मंत्री श्री पटेल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रह्लाद पटेल ने पंचायत प्रतिनिधियों की मांग पर 25 लाख रूपए तक के कार्यों का अधिकार सरपंचों को देने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार माना। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पंचायतें देश का सबसे अच्छा और सबसे बड़ा रिकॉर्ड रूम बन सकती हैं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जिन पंचायतों में नदियां के उद्गम स्थल मौजूद हैं, वहां के सरपंच अपनी कार्य योजना में उद्गम स्थल के बेहतर रखरखाव संबंधी कार्यों को शामिल करें। ऐसी पंचायतें जहाँ की आबादी 5000 से अधिक होगी, वहां 2 सामुदायिक भवन स्वीकृत किए जाएंगे।

---

### ●आरोपी बोला- 5 साल से साथ थी, अब धोखा दे रही

## गर्लफ्रेंड का सड़क पर गला काटा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट, एजेंसी**। यहां दिनदहाड़े एक युवती की गला रेतकर हत्या कर दी गई। हत्या का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी युवती के गले पर चाकू से वार करते नजर आ रहा है। ये वीडियो मौके पर मौजूद लोगों ने ही बनाया है, लेकिन युवती को बचाने की किसी की हिम्मत नहीं हुई। घटना बैहर के आमगांव में मंगलवार सुबह करीब 11 बजे की है। युवती की हत्या से परिजन और ग्रामीणों में आक्रोश है। पुलिस हालात काबू करने में लगी है। आरोपी को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि प्रेम प्रसंग में युवती की हत्या की गई है। युवती की पहचान आमगांव निवासी ऋतु भंडारकर (23) के रूप में हुई है। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने वीडियो बनाते हुए हत्या करने का कारण पूछा, इस पर आरोपी ने कहा- '5 साल से मेरे साथ थी। साथ में जीना-मरना सबकुछ था। अब धोखा दे रही है। अपने दोस्त-भाइयों के साथ मिलकर मारने के लिए मेरे घर लड़के भेजे। लड़के रास्ते में मुझे रोककर मारने के लिए तैयार थे।' एक महिला ने कहा कि लड़की की जान क्यों ले रहा है तो आरोपी बोला- जान बच जाएगी उसकी। पुलिस को बुलाओ और इसको लेकर जाओ।

## उज्जैन में साधु वेश में लूटपाट करने वाले पकड़े गए

### चेकिंग पॉइंट पर 7 आरोपी गिरफ्तार, लूटा गया सामान बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन पुलिस ने हाईवे पर साधु वेश में लूटपाट करने वाले एक गिरोह को पकड़ा है। मंगलवार को एक दंपत्ति से मारपीट कर सोने की अंगूठियां और नकदी लूटने वाले सात आरोपियों को चेकिंग पॉइंट पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया सामान और वारदात में इस्तेमाल की गई कार भी बरामद कर ली है।**



यह घटना मंगलवार सुबह करीब 11:30 बजे भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के निमनवासा मोड़ पर हुई। कालियादेह निवासी मंसूर अली (41) अपनी पत्नी हीना बी और दो बच्चों के साथ अपनी क्रेटा कार से इंदौर जा रहे थे। तभी हाईवे पर अचानक सात व्यक्ति उनकी कार के सामने आ गए, जिनमें से चार ने साधु के वेश में कपड़े पहने हुए थे।

कार रुकते ही आरोपियों ने मंसूर अली और उनकी पत्नी से मारपीट की। उन्होंने दंपत्ति से सोने की दो अंगूठियां, जिनकी कीमत लगभग एक लाख रुपये है, और 5 हजार रुपये नकद लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश सिल्वर रंग की आर्टिगा कार (DL 2 CAX 9959) में बैठकर फरार हो गए। जाते समय उन्होंने किसी को भी घटना के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी।

लूटपाट के बाद मंसूर अली ने पंवासा थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। सूचना मिलते ही पुलिस ने जिले भर में चेकिंग शुरू कर दी। नरवर पुलिस को आरोपियों के हुलिए के बारे में जानकारी दी गई। कुछ ही देर बाद नरवर पुलिस ने चेकिंग पॉइंट पर हुलिए के आधार पर सातों आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने उनके पास से लूटी गई दोनों सोने की अंगूठियां, 5 हजार रुपए नकद और वारदात में इस्तेमाल की गई आर्टिगा कार जब्त कर ली है। देर शाम पुलिस कंट्रोल रूम में एसपी प्रदीप शर्मा ने इस सफलता की जानकारी दी। एसपी शर्मा ने बताया कि इस घटना के पहले ही कंट्रोल रूम शाजापुर से एफआरवी 31 से पॉइंट मिला था कि घट्टिया थाना क्षेत्र के जेथल के पास इसी हुलिए के व्यक्तियों द्वारा हाईवे पर गाडियों को एक कर लूटपाट की गई थी। इसके चलते पूरे जिले में नाकाबंदी की गई थी। चेकिंग के दौरान ही नरवर पुलिस ने पालखंदा चेकिंग पॉईंट पर सिल्वर आर्टिगा कार को रोककर सात संदिग्धों को पकड़ा। सूचना के बाद नागझिरी व पंवासा पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में अली पिता धर्मवीर नाथ उम्र 20 वर्ष निवासी देहा बस्ती करनाल हरियाणा, मगन पिता दिलीप नाथ उम्र 19 वर्ष निवासी धर्मपुरा कॉलोनी थाना नजफगढ़ दिल्ली, अरुण पिता मीणा नाथ उम्र 25 वर्ष निवासी आरके कॉलोनी, मुर्यला जिला सोनीपत हरियाणा,राजेश पिता ऋषिपाल नाथ, उम्र 41 वर्ष निवासी धर्मपुरा एक्स नजफगढ़, साउथ वेस्ट दिल्ली, रुमाल पिता फुलनाथ उम्र 60 वर्ष निवासी रंगपुरी पहाड़ी नाला कैंप थाना बसंतकुंज दिल्ली, बिरजू पिता मिश्री नाथ उम्र 45 वर्ष इन्द्रा विकास कॉलोनी थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली और राकेश कुमार पिता सुरेंद्र सिंह राजपूत उम्र 45 वर्ष निवासी थाना नंद नगरी साहिबाबाद नॉर्थ ईस्ट दिल्ली है।

## संपादकीय

# शायद अब और दौर की बातचीत की जरूरत न पड़े

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द ही हो सकता है। दोनों देशों के बीच बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है और अब आगे की बातचीत की जरूरत नहीं पड़ेगी। भारत सरकार चाहती है कि यह समझौता दोनों देशों के लिए फायदेमंद हो। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया था कि अमेरिका भारत पर लगे 50% टैरिफ को कम करने के लिए तैयार है और दोनों देश व्यापार समझौते के करीब आ रहे हैं। पहले इस समझौते के लिए पतझड़ की समय-सीमा तय की गई थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, 'हम भारत के हित में एक अच्छा व्यापार समझौता करने के लिए काम कर रहे हैं। हम अमेरिका के साथ एक निष्पक्ष, न्यायसंगत और संतुलित व्यापार समझौता चाहते हैं। अगर यह होता है, तो यह किसी भी दिन, कल, अगले महीने या अगले साल हो सकता है। लेकिन सरकार के तौर पर हम हर चीज के लिए तैयार हैं।' एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी बताया कि अमेरिका के साथ बातचीत काफी हद तक पूरी हो गई है और शायद अब और दौर की बातचीत की जरूरत न पड़े। उन्होंने कहा, 'अमेरिका को हमें जवाब देना है। यह किसी भी अन्य देश की तुलना में सबसे व्यापक समझौता है। हमने प्रमुख क्षेत्रों की संवेदनशीलताओं को ध्यान में रखते हुए बहुत सावधानी से बातचीत की है। कोई समय-सीमा नहीं है।' भारत और अमेरिका के बीच अधिकारियों के स्तर पर पांच दौर की बातचीत हो चुकी है। पीयूष गोयल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने अमेरिकी समकक्षों से मुलाकात की है। यह समझौता भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ेगा और भारतीय कंपनियों को अमेरिकी बाजार में बेहतर अवसर मिलेंगे। साथ ही, यह भारत को वैश्विक व्यापार में एक मजबूत स्थिति बनाने में मदद करेगा।

## ज्ञान-विज्ञान

# दुनिया में कब लगने जा रहा अगला सूर्यग्रहण

## दिन में छाएगा अंधेरा, जानें किन-किन देशों में दिखेगा अद्भुत नजारा



**सूर्य और चंद्र ग्रहण देखना ना सिर्फ खगोल विज्ञान में दिलचस्पी रखने वालों बल्कि आम लोगों के लिए भी खास अवसर होता है। बीते साल 8 अप्रैल को दुनिया को पूर्ण सूर्य ग्रहण देखने को मिला था। इस साल भी दो बार सूर्य ग्रहण हुआ। इस के बाद कई लोग पूछ रहे हैं कि अगला सूर्य ग्रहण कब होगा। आने वाले पांच सालों में (2026 और 2030 के बीच) पूर्ण सूर्य ग्रहण कम होंगे। इससे खगोल प्रेमियों के पास सीमित अवसर होंगे लेकिन ऐसा भी नहीं है कि ये मौके एकदम नहीं होंगे। 2026 और 2027 में आइसलैंड,स्पेन, मिस्र और उत्तरी अफ्रीका में पूर्ण सूर्य ग्रहण की संभावना है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 1970 में अमेरिका के पूर्वी तट पर हुए ग्रहण और उसके दो साल बाद ग्रहण प्रेमी क्रूज ने इन खगोलीय घटनाओं को वैश्विक पर्यटन आयोजनों में बदल दिया। आज ग्रहण पर्यटन मुख्यधारा में आ गया है। नासा ने बताया कि 2024 के उत्तरी अमेरिकी ग्रहण के दौरान आधिकारिक कार्यक्रमों में 3,00,000 से ज्यादा लोग शामिल हुए।**

### ● अगला ग्रहण कब होगा

अगले साल, 2026 में 12 अगस्त को पूर्ण सूर्य ग्रहण होगा। इसका मार्ग आर्कटिक महासागर, पूर्वी ग्रीनलैंड, पश्चिमी आइसलैंड और उत्तरी स्पेन से होकर गुजरेगा। स्पेन में 2026 का सूर्य ग्रहण मल्लोर्का, मिनोर्का और इबीजा मेंबेलिएरिक सागर के ऊपर डेढ़ से दो मिनट तक पूर्ण सूर्य ग्रहण देख सकते हैं।

आइसलैंड में सूर्य ग्रहण दो मिनट और 18 सेकंड तक रहेगा। यह वेस्टफ्योड्र्स और स्नेफेल्सनेस प्रायद्वीप के बीच ब्रेइदाफ्योर्डुर खाड़ी में देखा जाएगा। ग्रीनलैंड में पूर्णता का मार्ग, जो लगभग दो मिनट और 17 सेकंड तक रहेगा। ग्रीनलैंड के पूर्वी तट और समुद्र के दूरस्थ, निर्जन क्षेत्रों को घेरेगा।

### ● 2027 में सूर्य ग्रहण

साल 2027 में सूर्य ग्रहण 2 अगस्त को होगा। यह दक्षिणी स्पेन, उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्व से गुजरेगा। यह 21वीं सदी का सबसे लंबा स्थलीय ग्रहण होगा, जो मिस्र के लक्सर में छह मिनट और 23 सेकंड तक चलेगा। मिस्र में नील नदी पर ग्रहण क्रूज की योजना कुछ संगठनों की है। वाइल्डरनेस ट्रैवल ने 2027 लक्सर सूर्य ग्रहण क्रूज की घोषणा की है।

मोरक्को में चार मिनट और 50 सेकंड के लिए पूर्णता की रेखा में स्थित, टैंजियर मोरक्को का प्रमुख ग्रहण-दर्शन स्थल होगा। दक्षिणी स्पेन मेंमलागा में करीब दो मिनट और कैडिज तीन मिनट के लिए पूर्णता की रेखा में होगा। ये प्रमुख अवलोकन स्थल होंगे। दक्षिणी स्पेन में ग्रहण पर्यटन के लिए स्मिथसोनियन जर्नीज यात्रा की तैयारी कर रहा है।

New Delhi

# दो कारों से आए थे 'आतंकी', एक कार अभी भी राजधानी में घूम रही, दिल्ली ब्लास्ट में एक और नया खुलासा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राष्ट्रीय राजधानी में आतंकी हमले का खतरा अभी टला नहीं हैं। अभी भी एक संदिग्ध आतंकी दिल्ली में बेलगाम घूम रहा है। ये खुलासा घटनास्थल के पास पार्किंग और घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों से हुआ है। एक आतंकी लाल रंग की ईको स्पोर्टस कार से घूम रहा है।

इस कार का रजिस्ट्रेशन नंबर दिल्ली का है। ऐसे में दिल्ली पुलिस समेत देश की सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मचा हुआ है। जांच में आई इस बात के बाद पूरी दिल्ली में हाई अलर्ट कर दिया गया है। दिल्ली में सभी वीवीआईपी, एतिहासिक व बाजारों खासकर भीड़भाड़



वाली जगहों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस सूत्रों ने बताया कि आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद का फरीदाबाद मोड्यूल के संदिग्ध फरीदाबाद में पुलिस की दबिश बढ़ने के बाद दिल्ली में दो कारों से पहुंचे थे। एक कार, जोकि हरियाणा नंबर की है, से लालकिले के सामने बम धमाका किया गया है।

जबकि दूसरी कार अभी दिल्ली में बेलगाम घूम रही है। इस कार का रजिस्ट्रेशन नंबर-डीएल-10 सीके 045.. हैं। ये ईको स्पोर्टस कार हैं और इसका रंग लाल है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों कारें एक साथ दिल्ली पहुंची थी और चांदनी चौक पार्किंग में भी एक ही साथ थीं।

New Delhi

## रिश्वतखोरी का रैकेट चलाने वाले दो ठगों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया

● अकूत दौलत देखकर अधिकारी भी चौंके




**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सीबीआई ने दो कथित ठगों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर फर्जीवाड़ा करने और रिश्वतखोरी का गिरोह चलाने का आरोप है। कथित ठगों की पहचान अजीत कुमार पात्रा और मिंकु लाल जैन के रूप में हुई है। अधिकारियों का कहना है कि दोनों ने कई वरिष्ठ अधिकारियों के नाम भी बताए हैं, जो कथित तौर पर इनके साथ मिले हो सकते हैं।

सीबीआई ने बताया कि दोनों ने गलत पहचान बताकर सरकारी सुविधाओं का फायदा उठाया। दोनों शीर्ष सरकारी अधिकारियों से अपनी जान-पहचान का दावा कर लोगों को डराते-धमकाते थे। सीबीआई ने कहा कि पात्रा और जैन ने कई बार सरकारी परिसरों में वीआईपी प्रोटोकॉल का फायदा लिया। दोनों सरकारी आवासों में रहे, प्रतिबंधित क्षेत्रों में दोनों बेरोक-टोक आते जाते, विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों और धार्मिक आयोजनों में वीआईपी बनकर शामिल हुए। दोनों खुद को केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारी बताकर धौंस जमाते थे।

बीती 4 नवंबर को डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलीजेंस की एक टीम ने एक निजी कंपनी के सीईओ विनोद परिहार के ठिकानों पर छापेमारी की। गिरफ्तारी से बचने के लिए परिहार ने कथित तौर पर दोनों ठगों से संपर्क किया।

Haryana

## बस में शराब पीते मॉडल स्कूल के छात्रों का वीडियो वायरल, बैठाई जांच

**रोहतक, (एजेंसी)** शहर के मॉडल स्कूल की बस में विदेशी शराब की बोतल और गिलास में शराब लिए स्कूली छात्रों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। खलबली मचाने वाले यह वीडियो 6 नवंबर के हैं। उस रोज छात्र-छात्राएं सोनीपत घूमने गई थीं। प्राचार्य ने वीडियो की जांच शुरू कराई है। वायरल वीडियो की सत्यता को लेकर अमर उजाला किसी किस्म का कोई दावा नहीं करता। हालांकि, वीडियो में छात्र-छात्राओं से भरी बस के अंदर एक छात्र आयरलैंड में बनी व्हिस्की की बोतल दिखा रहा है। इस बोतल की कीमत 4000 रुपये से अधिक बताई जा रही है। वायरल दूसरे वीडियो में स्कूली ड्रेस में एक छात्र गिलास में शराब लिए दिखता है। वीडियो में चेहरा आते ही वह बस के पीछे की ओर घूम जाता है। इससे उसका चेहरा तो छुप जाता है लेकिन बस में अन्य छात्र व छात्राएं दिखने लगते हैं। सभी बस में बज रहे गाने का आनंद लेते दिखते हैं। छात्र के हाथ में गिलास देखकर कोई प्रतिरोध या प्रतिक्रिया नहीं नजर आती। ड्राइवर के ठीक पीछे की ओर बस के अंदर यह सबकुछ चलता दिखता है लेकिन उन्हें न तो ड्राइवर रोकता है और न ही कोई शिक्षक।

Uttarpradesh

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में मां- बेटे और युवक की गई जान

**मुजफ्फरनगर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले से दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है. यहां बुढ़ाना रोड के तावली गांव के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में मां-बेटे समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई.

जानकारी के मुताबिक, सोमवार देर रात यह हादसा उस समय हुआ जब दोनों मोटरसाइकिलें विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही थीं और अचानक आमने-सामने टकरा गईं. हादसे में एक बाइक पर सवार 40 साल की रुखसाना और उसका 20 साल के बेटे परवेज मौके पर ही मौत हो गई. दूसरी बाइक पर सवार 19 साल के देवा की भी दर्दनाक मौत हो गई.

वहीं, विकास और निहालचंद, जो देवा की बाइक पर पीछे बैठे थे, गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और दोनों घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है.

शाहपुर थाना प्रभारी (SHO) मोहित चौधरी ने बताया कि शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और हादसे की जांच की जा रही है. प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दोनों बाइकें तेज गति में थीं और ओवरटेक करने के प्रयास में आमने-सामने टकरा गईं.

इस भयानक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है. मृतकों के घरों में कोहराम मच गया है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

खेल

# 65 साल में पहली बार जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी में दिल्ली को हराया, इकबाल और पारस ने जड़े शतक

**नई दिल्ली, (एजेंसी) सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल के शानदार शतक की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने मंगलवार को यहां दिल्ली को सात विकेट से शिकस्त देकर इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 65 साल में पहली जीत दर्ज की। दिल्ली क्रिकेट की गिरती साख का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टीम तीन घरेलू मैचों में सिर्फ चार अंक हासिल कर सकी।**

दिल्ली कुल सात अंकों के साथ ग्रुप डी में आठ टीमों के बीच छठे स्थान पर है और उसे नॉकआउट के लिए क्वालिफाई के लिए चमत्कार की जरूरत होगी। सात बार की रणजी चैंपियन दिल्ली की टीम के इस तरह के पतन के कई कारण है जिसमें संदिग्ध चयन, खराब रणनीतियां, चतुर कप्तानी के अभाव के अलावा दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) में गुटबाजी और अंदरूनी कलह प्रमुख है।



दिल्ली और जम्मू-कश्मीर की टीमों ने 1960 से अब तक 43 बार एक दूसरे का आमना सामना किया है और इनमें से 37 मैचों में दिल्ली ने जीत दर्ज की है जबकि जम्मू-कश्मीर की यह पहली जीत है। जीत के लिए 179 रन का पीछा कर रही जम्मू कश्मीर को मैच के आखिरी दिन 124 रन की जरूरत थी। सलामी बल्लेबाज इकबाल ने 147 गेंद में नाबाद 133 रन बनाकर जम्मू कश्मीर को आसान जीत दिला दी।

जम्मू-कश्मीर ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में 55 रन पर दो विकेट से आगे से की। इकबाल ने रात्रि प्रहरी वंशज शर्मा (60 गेंद में आठ रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी कर दिल्ली को जीत से दूर कर दिया। बीते दिन जिस पिच पर बल्लेबाजों को परेशानी का सामना करना पड़ा था वहां इकबाल ने खुद जिम्मेदारी उठाते हुए मनन भारद्वाज और ऋतिक शौकिन जैसे दिल्ली के स्पिनरों के खिलाफ बेखौफ बल्लेबाजी की। इन स्पिनरों को पिच से कोई खास मदद नहीं मिली। इकबाल ने शतक पूरा करने के बाद एक हाथ से स्लॉग स्वीप पर मन मुताबिक छक्के जडे।

जम्मू-कश्मीर के कप्तान 40 साल के दिग्गज पारस डोगरा ने भी इस मैच की पहली पारी में शतक लगाकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। अपने 22वें प्रथम श्रेणी सत्र रणजी ट्रॉफी में रनों के मामले में मुंबई के दिग्गज वसीम जाफर के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गये डोगरा ने इस सत्र में मुंबई और दिल्ली दोनों के खिलाफ शतक बनाए। दिल्ली के पिछले सत्र में खराब प्रदर्शन के बावजूद एक गुट के दबाव में शरणदीप को मुख्य कोच बनाए रखा गया। कप्तान आयुष बदोनी ने अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया लेकिन डीपीएल में शीर्ष स्कोरर अर्पित राणा अच्छी तेज गेंदबाजी का डटकर सामना नहीं कर पाये। प्रियांश आर्य जैसे सकारात्मक सलामी बल्लेबाज को पहले दो मैचों में बेंच पर बैठाया गया और फिर चौथे नंबर पर खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा।

सिनेमा

## घर में अचानक बेहोश हुए एक्टर गोविंदा, अस्पताल में कराए गए भर्ती



बॉलीवुड एक्टर गोविंदा को लेकर बड़ी खबर आ रही है। गोविंदा की अचानक तबीयत बिगड़ जाने के कारण उन्हें मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो गोविंदा बेहोश हो गए थे। इसके बाद ही उन्हें जुहू क्रिटिकेयर अस्पताल लेकर जाया गया। खुद की तबीयत बिगड़ने से ठीक एक दिन पहले गोविंदा ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती धर्मेंद्र से मिलने गए थे। गोविंदा को डॉक्टर्स की निगरानी में रखा गया है। इंडिया टुडे से खास बातचीत में गोविंदा के वकील और दोस्त ललित बिंदल ने कहा कि वो थोड़ा असहज महसूस कर रहे थे। सभी टेस्ट्स हो गए हैं, अब रिपोर्ट्स और न्यूरो कंसल्टेशन की राय का इंतजार है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। रिपोर्ट्स की मानें तो गोविंदा मंगलवार को अपने घर पर बेहोश हो गए थे जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एक साल के अंदर गोविंदा को दूसरी बार अस्पताल में भर्ती होना पड़ा है। इससे पहले 1 अक्टूबर को गोविंदा की लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली चल गई थी, जिससे उनके घुटने में गोली लग गई थी। इस एक्सिडेंट के बाद भी गोविंदा को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस घटना के बाद गोविंदा तीन अस्पताल में भर्ती रहे थे। अस्पताल से बाहर आने के बाद गोविंदा ने मीडिया से बात की थी। उन्होंने बताया था कि वो कोलकाता के लिए निकल रहे थे। उस वक्त सुबह के पांच बजे थे, उस टाइम वो गिरी और चल गई।

## Tata Trusts is said to appoint Noel Tata's son Neville Tata, Bhaskar Bhat as trustees

**NEW DEIHI, (Agency).** The appointments, first reported by The Economic Times on Tuesday, come days after Mehli Mistry exited the Tata Trusts board. Separately, the tenure of Venu Srinivasan has been revised from a life term to three years, following a mandate by the Maharashtra government that capped the number of lifetime trustees on the board of a philanthropic organisation. A graduate of Bayes Business School, Neville Tata (32) joined Trent Ltd. in 2016 in the packaged foods and beverages vertical but quickly went on to lead Zudio—India's very own fast-fashion brand and one of the biggest success stories in India's apparel-retail industry. To be sure, Neville Tata is already on the boards of JRD Tata Trust, Tata Social Welfare Trust and RD Tata Trust. Sources told ET that he could also be inducted into Sir Ratan Tata Trust, which along with Sir Dorabji Tata Trusts holds 51% stake in Tata Sons Pvt. Ltd.—the holding company of India's most reputed conglomerate led by Natarajan Chandrasekaran.

# Air India is now a smaller airline, a year after Vistara merger




**NEW DEIHI, (Agency).** Today marks a year since Vistara, the Tata-Singapore Airlines (SIA) joint venture, merged with Air India. Much has happened since then, including a deadly crash of an Air India flight in June that saw only one survivor.

One year on, the turnaround of Air India continues to be a work in progress but slower than what many would have imagined. The snail's pace, as critics would see it, is due to supply chain challenges, market dynamics and geopolitical challenges that have intensified since the merger.

Fleet, flights and market share

At the time of the merger, the airline proudly showcased its combined fleet of 298 aircraft, including those of Air India Express. The Air India-Vistara fleet was at 208 then. A year later, the fleet is down significantly to 187 aircraft, with a few more slated to leave the fleet. The fleet strength was expected to go up. Instead, it fell.

While the unfortunate crash in Ahmedabad saw one 787 being written off, the airline let go of its legacy B777-200LR. Subsequently, the former Delta Air Lines B777-200LRs are also returning after the end of lease. The six B777-300ERs, which it had announced it would get from Singapore Airlines,

# Tata Motors CV shares list at 28% premium as demerger move pays off




**NEW DEIHI, (Agency).** Shares of Tata Motors Commercial Vehicles Ltd. listed at a premium of 28% to its implied value, as investors cheered the standalone listing of India's largest truck-and-bus maker. That, in effect, means that the Tata Motors demerger has paid off for India's largest conglomerate.

Tata Motors CV's share price rose as much as 28.5% over the implied price of ₹260 .75 to ₹335 on the National Stock Exchange, amid expectations of a near-term volatility.

# बिना हेलमेट के ड्यूटी पर पहुंचे पुलिसकर्मियों के बने चालान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में हेलमेट को लेकर सख्ती बरती जा रही है। इसी बीच मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम पलासिया में ही ड्यूटी पर बिना हेलमेट आने वाले पुलिसकर्मियों के अफसरों ने चालान कटवा दिए।**

इस दौरान कुछ पुलिसकर्मियों ने मौके पर चालान काट रहे पुलिसकर्मियों से बहस की। इसके बावजूद भी वे चालान से बच नहीं पाए। पुलिस कमिश्नर आफिस में मंगलवार को सख्ती बरती गई। कमिश्नर संतोष सिंह ने डिपार्टमेंट के लोगों को भी हेलमेट बनने के लिए चेतावनी दी थी। इसके बाद तीन दिन तक समझाइश के बाद मंगलवार को डिपार्टमेंट के ही पुलिसकर्मियों के



चालान काटे गए। जिसमें कुछ से स्पॉट पर फाइन लिया गया। जबकि कुछ को ऑनलाइन पेमेंट भरने के लिए कहा है। डीसीपी आनंद कल्यादगी ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ मिलकर दो दिनों तक राजवाड़ा और अन्य प्रमुख मार्ग पर हेलमेट सुरक्षा को लेकर जानकारी दी थी। उन्होंने पुलिस रैली भी निकाली थी। इस दौरान सोशल मीडिया पर कई पुलिसकर्मियों को बिना हेलमेट घूमने को लेकर ट्रोल किया जाने लगा। लोगों का कहना है कि जब पुलिस खुद हेलमेट नहीं पहनती तो लोगों को क्यों मजबूर किया जा रहा है। यह बात पुलिस कमिश्नर के साथ वरिष्ठ अफसरों तक पहुंची तो कमिश्नर ने सख्ती बरतते हुए हेलमेट पहनने की बात कही थी।

## प्रेमिका पर कमेंट किया तो लोहे की राड से कर दी युवक की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र में प्रेमिका पर गलत कमेंट करने से गुस्साएं प्रेमी ने युवकी की हत्या कर दी। प्रेमी ने तत्कालीन विवाद में लोहे की राड से साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया। मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके कब्जे से लोहे की राड और वाहन भी जब्त कर लिया है। मृतक और मुख्य आरोपित दोनों आपस में दोस्त है, पहले एक ही कंपनी में काम करते थे। पुलिस के मुताबिक सोमवार रात 7.30 बजे साई कृपा कॉलोनी के मोड़ पर एक-दो हजार रुपये के लेनदेन और गर्लफ्रेंड पर गलत कमेंट को लेकर स्कीम नंबर 78 निवासी हर्ष पुत्र मंगल गुप्ता(25) पर दोस्त ऋषभ मिश्रा ने साथी विजेंद्र, आदित्य और रितुल के साथ मिलकर हमला कर दिया, अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। मृतक और आरोपित पक्ष निजी कंपनी में काम करते थे। किसी के खिलाफ भी पूर्व में कोई आपराधिक रिकार्ड दर्ज नहीं है। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि ऋषभ और मृतक हर्ष के बीच रुपये का लेनदेन एवं कमेंट को लेकर तत्कालीन विवाद हुआ था, जिसपर उसकी हत्या कर दी। पहले से हत्या करने की कोई योजना नहीं थी। पुलिस के मुताबिक मृतक हर्ष मूलरूप से टाटानगर जिला रतलाम का रहने वाला था। वहीं आरोपित ऋषभ मिश्रा (25) नानक नगर रांझी जबलपुर का रहने वाला है, इंदौर में नौकरी की तलाश में था। वहीं आरोपित विजेंद्र सिंह (24) जीरापुर जिला राजगढ़ का रहने वाला है, इंदौर में केयरटेकर का कार्य करता है। आदित्य जाट (24) होशंगाबाद का रहने वाला है, अभी नौकरी की तलाश में है।

" राजा रघुवंशी हत्याकांड "

## भाई विपिन के कोर्ट में हुए बयान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में मंगलवार को राजा के भाई विपिन रघुवंशी के बयान शिलॉन्ग की कोर्ट में दर्ज किए गए। विपिन के बयान करीब 3.20 बजे से शुरू हुए थे जो शाम 5.30 बजे तक चले। हालांकि, विपिन के पूरे बयान नहीं हो पाए हैं। अब 26 नवंबर को विपिन को फिर बुलाया है। बयान में मिसिंग रिपोर्ट, एफआईआर के बारे में पूछा गया है। इसके अलावा राजा और सोनम की शादी कैसे हुई, सगाई कब की थी जैसे सवाल किए गए। विपिन ने बताया कि शादी और सगाई 11 मई को ही हुई थी। विपिन का कहना है कि उसे चार्जशीट की कॉपी नहीं मिली है। वे सोमवार सुबह इंदौर से फ्लाइट से रवाना हुए थे। रात में शिलॉन्ग पहुंचे। मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे वे कोर्ट में पेश हुए। बता दें, राजा रघुवंशी हत्याकांड में राजा की पत्नी सोनम रघुवंशी, प्रेमी राज कुशवाह सहित 5 आरोपी जेल में बंद हैं। विपिन रघुवंशी ने बताया कि सुबह वे इंदौर से फ्लाइट द्वारा शिलॉन्ग के लिए रवाना हुए थे, लेकिन बोर्डिंग में देर हो जाने के कारण उन्हें अपना लगेज छोड़ना पड़ा। इंदौर से वे पहले दिल्ली पहुंचे, फिर दोपहर में दिल्ली से गुवाहाटी के लिए रवाना हुए। गुवाहाटी से सड़क मार्ग से यात्रा कर वे रात करीब 9:30 बजे शिलॉन्ग पहुंचे।

Confidential Investigation & all type of Detective services
Successful Journey
Since 2002...



ऑंख मूंदकर न तय करें रिश्ता...
सतर्कता एवं सजगता अत्यावश्यक है।
सभी प्रकार की व्यक्तिगत, पारिवारिक, आर्थिक, सामाजिक, व्यापारिक, कानूनी, सभी प्रकार के इन्वेस्टीगेशन कार्य...
सबूत/प्रमाण हेतु... मदद के लिये तैयार... कभी भी.... कहीं भी...
कब..क्यों..कहाँ..कितना..कैसे...!
DETECTIVE GROUP
पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता
www.detectivegroup.in
9111050101
9111050101
7312433667

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक